संबलपुर के 33 प्रतिशत क्षेत्रों को ग्रीन जोन घोषित किया जाए

संबलपुर फोरम ने रखी मांग

संबलपुर : सामाजिक संगठन संबलपुर फोरम ने संबलपुर शहर के 33 प्रतिशत स्थानों को ग्रीन जोन घोषित करने की मांग किया है। इस सिलसिले में फोरम की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन डीएम शुभम सक्सेना को सौंपा गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पेड़ पौधों की अवैध कटाई एवं बढ़ते औद्योगिकरण के कारण पिछले कुछ सालों में संबलपुर का वातावरण प्रदूषित हुआ है। मसलन दिनोंदिन संबलपुर का तापमान भी बढ़ता जा रहा है। संबलपुर पूरे पश्चिम ओडिशा का प्राण केन्द्र माना जाता है। सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से इस शहर को स्थान महत्वपूर्ण है। लगभग चार लाख की आबादी वाला यह शहर धीरे-धीरे उलका पिंड में तब्दिल होता जा रहा है। संबलपुर महानगर के अंदर हिंडालको कारखाना का हजारों वाहन नित दिन अवागमन करता है। विभिन्न इलाकों से रोजाना हजारों लोगों का आगमन संबलपुर होता है। इस अनुपात के अनुसार ही संबलपुर के तापमान में भी वृद्धि हो रही है। किसी जमाने में अपने मनोरम मौसम के लिए जाना जानेवाला संबलपुर आज 45 डिग्री सेल्सियस की ताप झेलने को मजबूर हो गया है। इन हालातों में प्राकृतिक संतुलन को बनाने हेतु शहर में व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण की आवश्यकता है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि फिलहाल संबलपुर सीडीपी का काम संपूर्ण नहीं हुआ है। इन हालातों में संबलपुर शहर के 33 प्रतिशत स्थानों को ग्रीन जोन की मान्यता दिए जाने पर विचार किया जा सकता है। संबलपुर महानगर में समाहित 12 ग्राम पंचायतों को भी इस ग्रीन जोन के सीमा के दायरे में लाया जा सकता है। विशेषकर महानदी के किनारे अवस्थित चांउरपूर एवं पावन चैनल के बीच स्थित जमीन को ग्रीन जोन के हिसाब से सी डी पी में शामिल किए जाने से आनेवाले दिनों में संबलपुर के वातावरण में भारी तब्दिली आएगी, इसकी पूरी संभावना है। साथ ही संबलपुर नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में पांच एकड़ जमीन को अधिग्रहित कर उसे ग्रीन जाने बनाए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। बताया जाता है कि जिला कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने ज्ञापन ग्रहण किया और इस दिशा में उचित पदक्षेप उठाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपनेवालों में संबलपुर फोरम के सदस्य गोविंद अग्रवाल, मानस रंजन बख्शी, सरोज साहू, मुकेश जरिवाल, श्रीकांत पाणिग्राही, संतोष साहू, देवकिरण पटनायक एवं रजनीकांत रथ समेत फोरम के अन्य सदस्य शामिल थे।

जंगली हाथी के हमले में महिला की मौत

आक्रोशित लोगों ने वन विभाग के वाहन पर किया पथराव

रेढ़ाखोल : नाकटीदेउल थाना अंतर्गत बिंदपुर गांव में जंगली हाथी के हमलें में एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला का नाम संध्या साहू (50 वर्ष) बताया गया है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव पैदा हो गया है। आक्रोशित लोगों ने वन अधिकारियों के वाहनों पर पथराव आरंभ कर दिया और मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग किया। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से निकटस्थ जंगल के हाथी बिंदपूर एवं आसपास के गांवों में विचरण कर रहे हैं। गांव के लोगों ने वन अधिकारियों को मामले की सूचना दिया। इसके बावजूद मौजूद हाथियों को खदेड़ने की दिशा मे अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। सुबह संध्या दिशा-शौच के लिए अपने घर से बाहर निकली हुई थी,इस दौरान एक हाथी ने उसपर हमला बोला और उसे उठाकर नीचे पटक दिया। जिसमें मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गांववालों का कहना था कि यदि वन अधिकारियों ने उचित समय पर हाथियों को खदेड़ा होता तो आज एक महिला को अपनी जान गंवानी नहीं पड़ती। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन के आला अधिकारी विंदपुर गांव पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझाने में कामयाब हुए। जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया है कि ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु प्रत्येक उचित कदम उठाया जाएगा। इलाके में उपस्थित हाथियों को जल्द खदेड़ने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वन विभाग ने भी मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। इस आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने अपना आंदोलन समाप्त किया। गांववालों का कहना है कि आश्वासन के हिसाब से यदि संध्या के परिवार को न्याय नहीं मिला तो आनेवाले दिनों में आंदोलन का रूख अख्तियार किया जाएगा। उस दौरान यदि कानून-व्यवस्था भंग होगी तो इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं वन विभाग को उठानी पड़ेगी। खबर लिखे जानेतक इलाके से जंगली हाथियों का खदेड़ने की प्रक्रिया जारी थी।

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक

राउरकेला : जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि राय ने की। इस बैठक में चुनाव में पार्टी के पराजय को लेकर गहन विचार विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्यासियों के पराजय के कारणों को बताया। गौरतलब है कि कांटाबांझी के विधायक संतोष सिंह सालुजा के नेतृत्व में तीन सदस्यों की एक टीम सुंदरगढ़ एवं राउरकेला दौरे पर आगामी दिनों में आने वाली है। वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा नेताओं से चुनाव में पराजय के कारणों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विभिन्न स्थानों से आये कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पराजय के कारणों की जानकारी हासिल की गई एवं हासिल किये गये जानकारियों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार किया गया। जिसे सालुजा टीम को सौंपी जाएगी। इसके लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष को पूर्ण क्षमता प्रदान किया गया है। इस बैठक में आगामी दिनों में कांग्रेस को कैसे मजबूत स्थिति पर पहुंचा जाए इस पर चर्चा की गई और किस तरह पुराने कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए, इस पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पुराने कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को और अधिक परिश्रम करने पर बल दिया गया। बैठक में हासिल की गई रिपोर्ट को सालुजा टीम को प्रदान करने के साथ ही साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निरंजन पटनायक एवं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरसिंह मिश्र को प्रदान की जाएगी। इस बैठक में पूर्व विधायक प्रभात महापात्र, कार्यकारी अध्यक्ष शब्बीर हुसैन, उपाध्यक्ष अजित सामल, जेएन कुमार, बरियम सिंह, इजाज अख्तर, सोमनाथ पंडा, रवि भंज, बासु बनर्जी, शिबू साहू, गीता सिंह, चेतन नायक, ब्लाक अध्यक्ष दुसा नायक, मनु सामल, रघु दास, महिला कांग्रेस अध्यक्षा लता नायक, छात्र कांग्रेस नेता सुमित कंसारी, युवा कांग्रेस नेता प्रदीप बेहेरा, मीडिया सेल अध्यक्ष संदीपन महापात्र, एससी सेल के दिवाकर दीप, संजय सिंह, महिला कांग्रेस कर्मी जयंती साहू, रीनू शर्मा, एमडी सलाउद्दीन आदि शामिल थे।

वनकर्मियों ने सांप को पकड़ जंगल में छोड़ा

राजगांगपुर : शहर के समीप बड़गांव स्थित आईआईटी परिसर से एक सांप को पकड़कर वनकर्मियों ने उसे जंगल में छोड़ दिया। गौरतलब है कि आईआईटी परिसर में सांप होने की जानकारी मिलने पर बड़गांव वनविभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान सांप को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। वनकर्मियों ने लोगों से आवश्यक दूरी बनाये रखने का सलाह देते हुए सांप को पकड़ा और उसे ले जाकर जंगल में छोड़ दिया।

आईआईटी और एमबीबीएस में दाखिला पाने वाले छात्रों का सम्मान

राजगांगपुर : गत शाम छः बजे स्थानीय गिनी पैलेस होटल के सभागार में शहर के प्रसिद्ध संस्था राजगांगपुर फाउंडेशन की ओर से शहर के पांच आईआईटी एवं दो मेडिकल कालेज में दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में अतिथि के रूप में डा नीलाचल साहू, डालमिया विद्या मंदिर के अध्यक्ष आर के दिवेदी, डा घनश्याम सोरेन सहित शहर थाना के प्रभारी गोकुलानंद साहू उपस्थित थे। जबकि सम्मानित होने वाले आईआईटी छात्रों में अक्षय अग्रवाल, अर्पित केसरवानी, हेमंत पांडे, आदित्य अग्रवाल एवं यश अग्रवाल है। जबकि एमबीबीएस में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों में मंयक अग्रवाल व सुचीस्मिता चिनार हैं। अतिथियों ने इन विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही जीवन में नई ऊंचाई हासिल करने की कामना किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजगांगपुर फाउंडेशन के संयोजक सुनील अग्रवाल सहित राजगांगपुर विकास परिषद के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने स्वागत समारोह के बारे में जानकारी देने के साथ ही अतिथियों से छात्र-छात्राओं का परिचय कराया। इस मौके पर फाउंडेशन के राजीव भद्र, धीरज मित्तल, सुधीर दास, सोमरेंद्र राउत, राजेंद्र पुरोहित, डा सरोजिनी साहू, समाजसेवी मंजीत सिंह सलुजा, प्रदीप केसरवानी, श्रवण टिबड़ेवाल सहित नटवर शर्मा संग विद्यार्थियों के अभिभावकों के अलावा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शहर के वरिष्ठ पत्रकार सह फाउंडेशन के संयोजक आशीष शतपथी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

संबलपुर : अंईठापाली के बुढ़ाराजा में एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला का नाम निलिमा दास बताया गया है। गंभीर हालत में जख्मी निलिमा को इलाज के लिए वीर सुरेन्द साय इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में दाखिल कराया गया है। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अंईठापाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सौरभ भट्टाचार्य बताया गया है तथा वह पश्चिम बंगाल के प्रतापपुर इलाके का रहनेवाला है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिछले कुछ माह से निलिमा के मकान में किराए पर रह रहा था। पिछले दिनों किसी बात को लेकर उसका निलिमा के साथ झगड़ा हुआ था। बताया जाता है कि सौरभ ने बदला लेने के ख्याल से ही निलिमा पर हमला बोला है। अंईठापाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

बीएसएन कैजुअल कर्मचारियों ने निकाली रैली

संबलपुर : बीएसएनएल कैजुअल कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में रैली निकाली। यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए बीएसएनल मुख्यालयय पहुंची और प्रदर्शन में तब्दिल हो गई। इस दौरान आंदोलित कर्मचारियों की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन बीएसएनएल मुख्यालय के प्रमुख को सौंपा गया। आंदोलन में बीएसएनएल कैजुअल कर्मचारी संघ के अनेकों पदाधिकारी एवं सदस्य शाामिल हुए।

लावारिश हाल में घुम रहे बालक को चाइल्ड लाइन के हवाले किया गया

संबलपुर : रेलवे पुलिस ने संबलपुर रेलवे स्टेशन में लावारिश हाल में घुम रहे एक बालक को अपने कब्जे में लिया और उस चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया। उस बालक का नाम शिव मल्लिक बताया गया है तथा वह बरहमपुर शहर का रहनेवाला है। चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने बताया कि बालक गलती से शिव संबलपुर आनेवाली ट्रेन में चढ़ गया और संबलपुर पहुंच गया। उसके घरवालों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। संपर्क होने के बाद शिव को उसके परिवार के हवाले कर दिया जाएगा।

मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

संबलपुर : हीराकुद पुलिस ने मारपीट के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुरेश बारिक एवं बाबू सुना बताया गया हैं। आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

महानदी कोलफील्ड्स में योग शिविर का आयोजन

संबलपुर : महानदी कोलफील्डस मुख्यालय एवं कंपनी के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में खुशी एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। आगामी 21 जून तक चलनेवाले इस शिविर का उद्घाटन एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी मुनव्वर खुर्शीद एवं निदेशक तकनीकी/योजना एवं परियोजना ओ पी सिंह ने किया। शिविर में एमसीएल के सभी पदाधिकारी एवं उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए हैं। योग प्रशिक्षक उन्हें योग के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रधान कार्यालय, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग

2, इंडिया एक्सचेंज प्लेस, कोलकाता-700001

ई-निविदा सूचना

बैंक के वाटर मार्क के साथ आरबीआई द्वारा निर्धारित द्वारा अनिवार्य सुरक्षा विशेषताओं के संयोजन तथा सीटीएस एमआईसीआर सुरक्षा कागजों के निर्माण करने वाली आईबीए अनुमोदित कागज मिलों से 100 एमटी सुरक्षा कागज की खरीददारी के लिए ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए दरें आमंत्रित की जाती हैं (एनआईटी के अनुसार नियम एवं शर्तें लागू)। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 10.07.2019 को अपराह्न 04.00 बजे से पहले। विस्तृत विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट : **www.ucobank.com** देखें अथवा वेबसाइट **https://www.tenderwizard.com/UCOBANK.** के जरिए बैंक के अधिकृत ई-निविदा सेवा प्रदाता मैसर्स अंतरेस सिस्टम्स लि. से सम्पर्क करें।

सम्मान आपके विश्वास का

भा.कृ.अनु.प-केन्द्रिय मीठाजल जीवपालन अनुसंधान संस्थान

ICAR-Central Institute of Freshwater Aquaculture

कौश्ल्यागंग, भुवनेश्वर-751002 (ओडिशा) / Kausalyaganga, Bhubaneswar-751002, Odisha

Tel. Nos. 91-674-2465421/2465446/2465402, FAX: 91-674-2465407

E.mail, cifa@ori.nic.in, Web site: http://www.cifa.nic.in

Advertisement No. 04/2019-20

वॉक-इन-इंटरव्यू

भा.कृ.अनु.प-केन्द्रिय मीठाजल जीवपालन अनुसंधान संस्थान (सीफा), कौश्ल्यागंग, भुवनेश्वर (ओडिशा) में अनुबंधन आधार पर 01 (एक) यंग प्रोफेशन-II पद भर्ती के लिए भा.कृ.अनु.प-नेटवर्क प्रोग्राम "एक्वाकल्चर एंड मत्स्यपालन में एंटीमिक्राबियल रेसिस्टेंस (एएमआर)" में दिनांक 09.07.2019 को पू. 10.30 बजे चल - साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु कृपया भा.कृ.अनु.प-सीफा वेबसाइट http://www.cifa.nic.in. पर जाएं।

WALK-IN INTERVIEW

A Walk-in-Interview will be held on 09/07/2019 at 10.30 A.M. for engagement of 01 (One) nos. of Young Professional-II purely on contractual basis to work under "ICAR –Plan Network programme on Antimicrobial Resistance (AMR)" at the ICAR-Central Institute of Freshwater Aquaculture (CIFA), Kausalyaganga, Bhubaneswar, Odisha. For further details please visit to ICAR-CIFA website **http://www.cifa.nic.in**

(मुख्य जाँचकर्ता) Principal Investigator

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला-768020, जिला-सम्बलपुर, ओडिसा

टेली फोन (इपीएबीएक्स)-0663-2542461 से 469, वेबसाइट :**www.mahanadicoal.in**

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएं, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (https://coalindiatenders.nic.in) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वकनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है । परवर्त्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें ।

क्रम सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा का मूल्य (in Rs.)
1	2019_MCL_141022_1	PROCUREMENT OF LOW PRESSURE HOSES OF BE-1000 HYDRAULIC EXCAVATOR	254295.00
2	2019_MCL_140992_1	Supply of Spares for EKG Shovel.	338424.00
3	2019_MCL_141047_1	Repairing of backside boundary wall of N-Joy Club at Balram Township of Balram OCP under HingulaArea	399943.00
4	2019_MCL_141050_1	Making of 05 nos security check post barrier and 03 nos goal post at different location of mines of Balram OCP under Hingula Area.	988168.00
5	2019_MCL_140883_1	PROCUREMENT OF SEAL KIT FOR 50/60T DUMPER	976959.00
6	2019_MCL_140956_1	Roof Treatment of A,B and C - Type Quarters of Ananta Vihar Colony of AOCP under Jagannath Area.	5239673.00
7	2019_MCL_140969_1	Providing 10 Nos blasting shelter at different location inside mine at Ananta OCP.	803242.00
8	2019_MCL_140978_1	Digging with Bathing Steps of Pond at R and R site Boulapur of village Rakas under Jagannath Area.	2288408.00
9	2019_MCL_140990_1	Construction of Mandap for Maa Gramadevati,Maa Budhi Thakurani, Maa Hingula and Maa Durga at R and R Site Boulapur under Jagannath Area.	1240409.00
10	2019_MCL_141031_1	PROCUREMENT OF BUSHINGS AND PINS FOR BE-1000(67) HYDRAULIC EXCAVATOR	313480.00
11	2019_MCL_141106_1	Construction of Training Hall for Skill Upgradation at Kaniha in Kaniha Block under CSR of Kaniha OCP of Kaniha Area	2470554.00
12	2019_MCL_141112_1	Construction of Concrete Road in Khairabania Sahi of Kansamunda village under CSR work of Kaniha OCP of Kaniha Area	585238.00
13	2019_MCL_140853_1	Distempering, painting of quarters at Belpahar Integrated Township of Lakhanpur Area for change of occupancy.	2143189.00
14	2019_MCL_140874_1	Annual maintenance of garden and field canteen near quarry no.04 of LKP OCP of Lakhanpur Area for a period of 02 years.	687047.00
15	2019_MCL_139279_1	Supply, installation and commissioning of Ultrasonography Machine at Anand Vihar Hospital, Burla	3000000.00
16	2019_MCL_140964_1	Procurement of FLP Light fittings and FLP Junction box for Orient area	7269350.00
17	2019_MCL_141101_1	Supply of WORM WHEEL for PnH Shovel	615000.00
18	2019_MCL_141110_1	AMC for erection of LT OH line and light fitting complete at out sourcing - OB patch, OB dump yard, coal face, surface miner face for lighting and illumination and dismantling of poles and OH line materials at out sourcing patch as and when required	4261348.00
19	2019_MCL_141220_1	Supply of spares for Rhino 90C Crane	397247.00
20	2019_MCL_141213_1	Hiring of a Covered Jeep (Bolero / Sumo or equivalent vehicle (Diesel) minimum 7 seater with AC fitted) for 16 hours duty for use at Bhubaneswari OCP, Jagannath Area for 682 days in 02(two) years.	1443794.00
21	2019_MCL_141222_1	Digging of drain for connecting Laxmisagar pond of Kansamunda village under CSR work of Kaniha OCP of Kaniha Area	488362.00
22	2019_MCL_141154_1	Regular repair and maintenance of main pipe line from Intake well to IWSS and external water supply line at IB Valley Area.	278032.00
23	2019_MCL_141169_1	Distempering,painting of D,C,B and MQ type Qtrs at Area Unit for change of occupancy at IB Valley Area.	1076717.00
24	2019_MCL_141193_1	Washing,painting of 10 nos C type, 10 nos B type and 20 nos MQ type quarters for change of occupancy at SOCP,IB Valley Area.	751615.00
25	2019_MCL_141234_1	Renovation of Pedestrian/Motor Cycle path in excavation workshop complex of SOCP,IB Valley Area.	524545.00
26	2019_MCL_140802_1	Procurement of Hospital Floor Cleaning Machines for Anand Vihar Hospital, Burla	400000.00
27	2019_MCL_141164_1	Procurement of Spares for Anchorage Testing Machine for MCL Talcher Area	34763.00
28	2019_MCL_141248_1	Supplying and laying of road metal and moorum for monsoon period 2019 as and when required at Balram OCP under Hingula Area.	4981274.00
29	2019_MCL_141259_1	Supplying and laying of road metal and moorum for monsoon period 2019 as and when required at Hingula OCP under Hingula Area.	3779966.00
30	2019_MCL_141183_1	Complete Electrical Wiring of Residential Quarters at Deulbera and Dera DLB Colony under Lingaraj Area	781761.00
31	2019_MCL_141184_1	Shifting, Laying and Fitting of 6 inch MS pipeline from PO Office, LOCP to SILO and NTPC Siding for Lingaraj Area	312644.00
32	2019_MCL_141338_1	Heightening of compound wall and other repair and maintenance work at S.T.P of Ananta Vihar Colony.	955664.00
33	2019_MCL_141349_1	Spraying of water for dust supression through water tanker from Kali mandir chhack to mine face via OSL and Triveni chhack at Ananta OCP under Jagannath Area for a period of 01(one) year.	8569276.00
34	2019_MCL_141167_1	Supplying and placing of sand bags for muffle blasting inside mine at Belpahar OCM of Lakhanpur Area.	2526621.00
35	2019_MCL_141305_1	Replacement of damaged leaking CGI sheet roofing by profile sheet of Mobile van/ambulance and four wheeler garage,profile sheet shed for parking of two wheeler and miscellaneous civil works around garage at Central Hospital under IB Valley Area.	1352773.00
36	2019_MCL_141319_1	Fire fighting to control spontaneous heating and extinguish fire at different places of mine for 730 days(two years) at LOCP of IB Valley Area.	1576414.00
37	2019_MCL_141362_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 24 hours duty basis with deployment of two nos. of drivers, max run 3000 km/month, for 02 years (682 days) for Bandhabahal Police Outpost, Lakhanpur	1353770.00
38	2019_MCL_141313_1	Procurement of End fittings for top and bottom conveyor rollers.(As per enclosed drawings)	1159350.00
39	2019_MCL_141334_1	Providing staging for PVC water storage tank for drinking water supply to Excavation section of Hingula OCP, Hingula Area.	370311.00
40	2019_MCL_141357_1	Procurement of different types of Power Contactors.	362714.00
41	2019_MCL_141372_1	Spraying of water on coal transportation road from Balram Zero Point to Bharatpur ETP under Balram OCP of Hingula Area (Outside Mines Area) for a period of 02 years.	4091721.00
42	2019_MCL_141199_1	PROCUREMENT OF FULLY AUTOMATIC BIOCHEMISTRY ANALYZER	3255000.00
43	2019_MCL_141273_1	Laying of 11KV, 3 core XLPE power cable under railway track with HDD method, through HDPE pipe and raising on DP structures near 108 nos. quarter premises of HOCP, HA	691808.00
44	2019_MCL_141330_1	Erecting of 6.6KV H.T. Overhead power supply line from 33KV Sub-station of Hingula OCP to Hingula Mandir.(42Nos. Metallic poles and 931 KG All aluminium DOG Conductor are to be supplied departmentally.)	765309.00
45	2019_MCL_141370_1	Running and Maintenance of Kalinga Bhawan Anand Vihar MCL HQ	11437868.00
46	2019_MCL_141429_1	SUPPLY OF Sensor Cable for Auto Fire system of Dumpers	517146.00
47	2019_MCL_141462_1	PROCUREMENT OF UPPER AND LOWER CASING KIRLOSKAR MAKE SCT PUMP	2700800.00
48	2019_MCL_141376_1	Hiring of One (1) Jeep(6 plus 1 seater or more) (Bolero/ Sumo or its equivalent) fitted with AC for 12 hrs per day duty for Siarmal for two years at Basundhara Area (682 days).(2800km run per month).	720881.00
49	2019_MCL_141398_1	Hiring of One (1) Jeep(6 plus 1 seater or more) (Bolero/ Sumo or its equivalent) fitted with AC for 12 hrs for Coal dispatch system at Kanika Siding for two years at Basundhara Area (682 days). (2800km run per month).	685410.00
50	2019_MCL_141391_1	Hiring of Pay Loaders for Mechanical Transfer of coal into Tippers/Trucks of Road Sale and Washery at coal stock yard of Bhubaneswari OCP, Jagannath Area	70936290.00
51	2019_MCL_141411_1	Hiring of one(01) Explosive Van(Capacity 10Te or above) for 12hrs. per day duty for a period of 03 years for Garjanbahal OCP at Basundhara Area. (1095 days) (2800km run per month)	2128680.00
52	2019_MCL_141423_1	Making of Two no. Deep Bore Well including Installation and Commissioning of Submersible Pump inside Site Office and Near Railway Siding at Kaniha OCP of Kaniha Area Re Tender	868381.00
53	2019_MCL_141451_1	WBM road from coal corridor edge towards coal sale weigh bridge of BBSRI OCP under Jagannath Area.	2530496.00
54	2019_MCL_141465_1	Repair of Panchayat Road from old Padmabatipur Panchayat Office to junction of Rakash village road at Jagannath Colliery ,Jagannath Area.	2538832.00
55	2019_MCL_141482_1	PROCUREMENT OF INDUSTRIAL GASES FOR HEMMS	256515.00
56	2019_MCL_141433_1	Strengthening of Mid Entry Road from Mine Junction to Coal Face at LOCP of IB Valley Area.	2976349.00
57	2019_MCL_141496_1	Day to day electrical related works in mine and 33 KV main substation and other 3.3 KV field substation (01 no. Skilled electrician and 01 no. Unskilled electrical helper per shift for two shifts per day) for a period of 02 years (610 Days) of Lajkur	1369779.00
58	2019_MCL_141463_1	Providing 1 no. of foundation with shed for installing transformer near B-15 at Nandira colony, TalcherArea	336797.00
59	2019_MCL_141501_1	Loading, Unloading, Handling and Laying of Power Cables from Unit Store, Workshop and field to work place for day to day switch shifting work in mines for one year at BOCM, Lakhanpur Area, MCL	500320.00
60	2019_MCL_141439_1	Repair of water loading platform of Hingula OCP under Hingula Area.	2457209.00
61	2019_MCL_141502_1	Procurement of Fish Plate (As per Drawing enclosed), M.S. Fish Plate Bolt and M S Dognail.	98624.00
62	2019_MCL_141446_1	Temporary alignment of approach road from CT road to new 100Te. Static Weigh Bridge ramp by spreading of moorum in the back side of Regional Store at Hingula OCP under Hingula Area.	679185.00
63	2019_MCL_141530_1	Hiring of Pay Loaders for Mechanical Transfer of coal into Trucks/Tippers of Road Sale and Washery at Bharatpur OCP, Bharatpur Area	17558347.00
64	2019_MCL_141604_1	Extension of administrative building in HEMM workshop of Balram OCP.	298113.00
65	2019_MCL_141608_1	Annual Maintenance and day to day cleaning, sweeping and up-keeping of floors and surrounding area of community shed near Kali Mandir of Balram OCP (for a period of 02 years).	594883.00
66	2019_MCL_141643_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 24 hours duty basis with deployment of three nos. of drivers, max run 3500 km/month, for 02 years (682 days) for Belpahar OCM, Lakhanpur Area, MCL	1786158.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं-**0663-2542695 / 2542264**), ई-मेल- **hlp-eproc.mcl@coalindia.in**

R-4916

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें ।